संक्षिप्त

विशाखा ने नाम रोशन किया

बहरोड़/अलवर, (निसं)। राठ की बेटी विशाखा पुत्री सहदेव यादव का

भारतीय रिजर्व बैंक में अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। जिसमें विशाखा ने भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में ग्रेड बी ऑफिसर के पद पर नियुक्ति का गौरव प्राप्त किया। अलवर जिले के नीमराणा तहसील के गांव कान्हावास की बेटी विशाखा यादव ने भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया डायरेक्ट रिक्रूटमेंट परीक्षा में ऑल इंडिया लेवल की कुल 236 में से 105 वी रैंक प्राप्त करने का गौरव हासिल किया है।

छात्राओं को स्वच्छता की जानकारी दी

चौमू/कालाडेरा, (निसं)। चौमू बाईपास रोड पर स्थित पीयूष कॉलेज में प्रयास फाउंडेशन के तत्वावधान में अभियान 'छोड़ो लाज खुलकर करो बात' के अन्तर्गत सेमीनार आयोजित किया गया। सेमीनार में डॉ. शिखा मील ने 375 से अधिक छात्राओं को स्वच्छता एवं महावारी के विषय में जानकारी दी। सेमीनार में छात्राओं को स्वयं के पोषण , खान - पान के महत्व पर बताया गया ।वहीं उपस्थित सभी छात्राओं को प्रयास फाउंडेशन की और से नि:शुल्क सेनेटरी नैपकिन भी वितरित किये। पीयूष कॉलेज की प्रबन्ध निदेशक नीलम शर्मा ने प्रयास फाउंडेशन की अध्यक्षा डॉ. शिखा मील को मोमेन्टो (प्रतीक चिन्ह) भेंटकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

रामनिवास महामंत्री नियुक्त

पावटा, (निसं)। कांग्रेस अन्य पिछडा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव ने पूर्व तहसीलदार रामनिवास यादव को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया। नियुक्ति पर प्रदेश के कई नेताओं ओर पदाधिकारियों ने बधाई दी। पावटा सोनी समाज अध्यक्ष संतोष सोनी, सैनी समाज से गोकुल सैनी पूर्व सरपंच, पूर्व सरपंच मालीराम कुमावत, जांगिड समाज अध्यक्ष भागीरथ मल, जिला सरपंच संघ अध्यक्ष मेहरसिंह धनकड, यादव समाज पावटा अध्यक्ष भैरू लाल यादव, विराटनगर यादव समाज अध्यक्ष रमेश खोला, गोरधनपुरा सरपंच रघुवीर यादव आदि ने दूरभाष के जरिये बधाई दी।

गुरु नानक देव की जयंती मनाई

देवली, (निसं)। यहां गुरुद्वारा सिंह सभा में गुरु की साध संगत ने श्री गुरु नानक देव जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस अवसर पर 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल, वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' के जयघोष से शहर गुंजायमान भक्तिमय बना रहा। श्री गुरु नानक देव जी की जयंती के उपलक्ष में कई कार्यक्रम आयोजित हुए। गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह ने बताया कि इस अवसर पर शहर में नगर कीर्तन यात्रा निकाली गई जो शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई शाम 7 बजे गुरुद्वारा परिसर पहुंची और कार्यक्रम रात 12 बजे तक चलता रहा। इस बीच शहर वासियों ने नगर कीर्तन यात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत किया । इस मौके पर गुरुद्वारा कमेटी ने बताया कि गुरु नानक देव जी की जयंती के उपलक्ष में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताएं भी कराई गई। जिसमें महिला पुरुष एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

खोया पाया

मेरे आवास संख्या 3-छ-13 जवाहर नगर जयपुर के सभी मूल कागजात कहीं खो गए है यदि किसी को मिले तो निम्न नंबर पर सूचित करें। मो. 9828010796

नाम परिवर्तन

मैंने विवाह के पश्चात अपना नाम शालिनी सिंगल (Shalini Singal) से बदलकर शालिनी गुप्ता (Shalini Gupta) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम शालिनी गुप्ता (Shalini Gupta) पत्नी श्री दिनेश गुप्ता के नाम से जाना जावें। निवासी डी-002, ज्वैल ऑफ इण्डिया, Opp. राजस्थान हॉस्पिटल, मालवीय नगर, जयपुर, राजस्थान।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

30 घंटे बाद बनी सहमति, धरना हुआ समाप्त

खाटूश्यामजी, (निसं)। थाना अंतर्गत मंडा ग्राम के युवक की हत्या के मामले में 30 घंटे बाद जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के वार्ता के बाद बनी सहमति से धरना समाप्त हो गया।

धरना स्थल से 9 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल ने वार्ता में अपना पक्ष रखा। मृतक की पत्नी रीटा कंवर को खाटूश्यामजी नगरपालिका, भूमि विकास बैंक या आंगनबाड़ी में से किसी एक में संविदा पर नौकरी, पीड़ित प्रतिपक्ष योजना के तहत 5लाख रूपए का सहयोग, मुख्यमंत्री सहायता कोष से सहयोग से

- मंडा ग्राम के युवक की हत्या का मामला

खाटूश्यामजी थाना के मंडा ग्राम के युवक की हत्या के मामले में 30 घंटे बाद जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन की वार्ता के बाद बनी सहमति से धरना समाप्त हो गया।

आर्थिक सहायता, पालनहार योजना सहित सभी पर एक महीने में कार्रवाई पर सहमति बनी। हत्या की जांच एएसपी रतन लाल भार्गव करने पर समझौता बना। सभी जिला प्रशासन के अधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर घोषणा की तब जाकर धरना समाप्त हुआ।

खाटूश्यामजी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर दांतारामगढ़ न्यायालय में पेश किया गया। न्यायाधीश ने सभी आरोपियों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजने के आदेश दे दिए गए। आरोपी शंकरलाल अग्रवाल उसकी पत्नी सुनीता उर्फ वसुंधरा अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, महेंद्र सिंह शेखावत व विकास नायक से पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि 12 जुलाई को श्रवण सिंह शेखावत लापता हुआ था और परिजनों ने अपहरण का नामजद मुकदमा के लिए शिक़ायत दी थी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की उसी दिन आरोपियों ने श्रवन सिंह की हत्या कर शंकर अग्रवाल के मकान के पीछे बने गटर की कुई में शव को डालकर उस पर नमक व मिट्टी डालकर कुई को बंद कर दिया गया था। पुलिस के बीट कांस्टेबल राजेंद्र सिंह के साथ सतर्कता बरतते हुए आरोपियों को हिरासत में लेकर कठोरता से पूछताछ की तो आरोपी टूट गए। हत्या करने का जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर ही मृतक के कंकाल हड्डियों को गटर की कुई से निकाला गया।

वार्ता में पूर्व विधायक अमराराम, गोगावास सरपंच प्रभु सिंह शेखावत, उपसरपंच हनुमान सिंह, सरपंच प्रतिनिधि व मृतक के रिश्तेदार वार्ता टीम में सुझाव रखें जिसमें एडीएम रतन कुमार, एएसपी रतनलाल भार्गव,उपखंड अधिकारी प्रतिभा वर्मा, तहसीलदार विपुल चौधरी, रींगस डीवाईएसपी विजय सिंह,थानाधिकारी सुभाष चंद्र यादव, दांतारामगढ़ थाना अधिकारी मदन लाल कड़वासरा से वार्ता हुई।

युवक का छह दिन बाद खाई में मिला सड़ा गला शव

मालपुरा, (निसं)। केकडी थाना क्षेत्र के बघेरा गांव की हरीरामपुरा कॉलोनी निवासी जीतराम पुत्र नानूलाल गुर्जर जो कि शादी समारोह के लिए घर से निकला था। जिसका छह दिन बाद लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के देवल से दतोब सड़क मार्ग पर दाताजी के पास खाई में सड़ा गला शव मिलने पर परिजनों ने लाम्बाहरिसिंह थाने में हत्या का मामला दर्ज करवाया।

- परिजनों ने कराया हत्या का मामला दर्ज, चार जनों को लिया हिरासत में
- युवक 4 नवंबर को शादी समारोह के लिए घर से निकला था

बुधवार को जरिए राहगीरों के लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस को दाताजी के पास सड़क किनारे खाई में एक कार लावारिस पड़ी होने तथा कार से सडांध उठने की मिली सूचना पर एएसपी राकेश कुमार बैरवा, डीवाईएसपी सुशील मान, थानाधिकारी भागीरथ सिंह मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे।

घटना स्थल पर एकत्रित ग्रामीणों के सहयोग से कार को खाई से बाहर निकाला गया। कार से उठती संडाध पर कार की की गई जांच में सडा गला युवक का शव मिला। कार से बरामद दस्तावेजों के आधार पर शव की शिनाख्त बघेरा निवासी जीतराम गुर्जर के रूप में की गई। परिजनों को दी गई सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर जमा भीड़ में शामिल ग्रामीणों ने परिजनों को बताया कि वो आसपास खेतों में काम करते हैं। लेकिन इस गड्ढे में यह कार तथा दुर्गन्ध मंगलवार तक नहीं आ रही थी। जिसपर मृतक के पिता व परिजनों ने जीतराम की हत्या कर साक्ष्य मिटाने तथा दुर्घटना में तब्दील करने की नियत से कार व शव को खाई में डाल जाने का अंदेशा जता हत्या का मामला दर्ज करवाया है।

जीतराम जो कि 4 नवम्बर से लापता था। केकडी थाने में गुमशुदा का मामला दर्ज करवाया गया था। मंगलवार की मध्य रात्रि बाद दो मिनट के लिए मोबाईल ऑन होकर पुन: स्वीचऑफ हो गया। शव से उठ रही दुर्गन्ध व निकल रहे कीडों के आधार पर शव पांच-छह दिन पुराना होना पुलिस मान रही है तो मंगलवार की रात को मृतक का फोन स्वीचऑफ मोबाईल दो मिनट के लिए ऑन किसने किया।

वहीं परिजनों ने बताया कि उक्त मामले में केकडी पुलिस ने चार जनों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस सभी पहलूओं की बारीकी से जांच कर रही है।

एन.सी.सी. भर्ती रैली आयोजित

श्रीमाधोपुर, (निसं)। महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को एन.सी.सी. विभाग सीकर द्वारा भर्ती रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सैनी ने बताया कि 3 राज. बटालियन सीकर द्वारा इस भर्ती का आयोजन किया गया था। इस भर्ती का आयोजन कमान अधिकारी कर्नल अजयसोराम (सीओ) के सानिध्य में किया गया। भर्ती टीम के सदस्य में सूबेदार अवतार सिंह, सी.एच.एम नबाब अली, हवलदार सब्बीरअली, हवलदार सुभाषचंद मीणा के सानिध्य में इस भर्ती का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम दौड़,फिजिकल टेस्ट, पुशअप-डिप्स का आयोजन किया गया एवं मेडिकल के पश्चात लिखित परीक्षा व् साक्षात्कार का आयोजन किया गया।

समापक, प्रताप नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर एवं निरीक्षक कार्यालय उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, जयपुर (शहर)

क्रमांक: SP-01 **आम सभा की सूचना** दिनांक: 09.11.2022

प्रताप नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि.,जयपुर के सदस्यों के द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर समापक द्वारा निर्णय लिया गया कि समिति की आमसभा की बैठक का आयोजन दिनांक 28.11.2022 को प्रातः 11.00 बजे, 09, सिन्धी कॉलोनी, बनीपार्क, जयपुर में किया जायेगा, जिसमें समिति के अवसायन के संबंध में विचार किया जायेगा। समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित समय पर उक्त स्थान पर आम सभा में उपस्थित होवें। कोरम के अभाव में स्थगित आमसभा पुनः 01 घण्टे बाद आयोजित होगी।

(नवनीत सैनी), समापक, प्रताप नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाव्यगण श्रीमती नीतू मुर्जनी, कन्हैयालाल एवं चन्दन शर्मा ने काला भवन नाहरगढ रोड चांदपोल बाजार, जयपुर में स्थित मकान नम्बर 358 के पश्चिमी हिस्से को दिनेश काला से क्रय करने हेतु विक्रय इकरार किया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इसमें कोई आपत्ति है तो सूचना प्रकाशित होने के सात दिवस में अपनी आपत्ति मेरे को या मेरे अभिभाव्यगण को आकर प्रस्तुत कर दें। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे अभिभाव्यगण उक्त मकान का विक्रय पत्र तस्दीक करवाने में स्वतंत्र होंगे एवं आपकी आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी। सूचित रहें।

(हरिनारायण शर्मा) एडवोकेट
मो.नं. 8003712538

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय

जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
दूरभाष संख्या-0141-4901853

आम जाहिर सूचना राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-9/L/525 मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 67.500 वर्गगज का आवंटन श्री वासुदेव आसुदानी पुत्र श्री दीपचन्द आसुदानी को किया गया था। जिसका आवंटन कम कब्जा पत्र क्रमांक 1235 दिनांक 30.06.2009 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 29.07.2009 को प्राप्त कर लिया गया। श्री वासुदेव आसुदानी की मृत्यु दिनांक 04.03.2019 को हो जाने के कारण श्रीमती पूजा आसुदानी पत्नी स्व. श्री वासुदेव आसुदानी के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास/फ्लैट के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती पूजा आसुदानी पत्नी स्व. श्री वासुदेव आसुदानी के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाव्यगण श्री शिरधन भोटी पुत्र स्व. श्री रामेश्वर लाल भोटी उम्र 68 वर्ष जाति महाजन निवासी ग्राम डालाडेह, जयपुर (राज.) के पुत्र विमल प्रकाश पुत्र श्री शिरधन भोटी एवं नीरज कुमार पुत्र श्री शिरधन भोटी मेरे अभिभाव्य के सहयोगी कुलनें में नहीं है तथा मेरे अभिभाव्य ने प्रति कृत्रम नहीं हैं। इसलिये मेरे अभिभाव्य ने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्तियों से दिनांक 19-10-2022 को बेदखल कर दिया है। यदि कोई भी व्यक्ति/ संस्था इसादि विमल प्रकाश पुत्र श्री शिरधन भोटी एवं नीरज कुमार पुत्र श्री शिरधन भोटी से किसी प्रकार का सम्बन्धित करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं की होगी एवं समस्त देय ऋण एवं अन्य व्यक्ति से लिये गये ऋण का जिम्मेदार विमल प्रकाश पुत्र श्री शिरधन भोटी एवं नीरज कुमार पुत्र श्री शिरधन भोटी स्वयं होंगे। मेरे अभिभाव विमल प्रकार का जिम्मेदार नहीं होगा एवं विमल प्रकाश पुत्र श्री शिरधन भोटी एवं नीरज कुमार पुत्र श्री शिरधन भोटी को घर अथवा संपत्ति का हिस्सा देकर अलग कर दिया है। अब भविष्य में इनसे मेरे अभिभाव्य का घर अथवा संपत्ति से बेदखल कर कोई वास्ता नहीं होगा। अतः सूचित रहें नवीन कुमार शर्मा (एडवोकेट) जयपुर. दिनांक:9-11-22 मो. 8290973119

जनहित के कामों को त्वरित पूरा करें: बंसल

टोंक, (निसं)। जिला प्रमुख सरोज बंसल की अध्यक्षता में बुधवार को जिला परिषद सभागार में साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई।

इस दौरान टोंक-सवाईमाधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, टोडारायसिंह-मालपुरा विधायक कन्हैया लाल चौधरी, जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, उप जिला प्रमुख आदेश कंवर, सीईओ देशलदान, एएसपी भवानी सिंह राठौड, पंचायत समिति के प्रधान, उपजिला प्रमुख आदेश कंवर. जिला परिषद सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि साधारण सभा की बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने क्षेत्र के जो भी मुद्दे उठाए जाते है, वे सीधे जनहित से जुडे होते हैं।

अधिकारी जनहित के कामों को त्वरित गति से पूरा कर आमजन को राहत प्रदान करें। पात्र व जरूरतमंद व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले यह हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया ने कृषि विभाग के अधिकारियों से जिले में किसानों को खाद वितरण की ठीक से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिले में कोई भी विद्यालय शौचालय, पेयजल एवं विद्युत कनेक्शन रहित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए जिला प्रशासन एवं उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाकर सकारात्मक कार्रवाई करें।

टोडारायसिंह-मालपुरा विधायक कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि अधिकारी आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनकर उसका समाधान करें। उन्होंने कृषि अधिकारियों को नैनो यूरिया के फायदों के बारे में किसानों को जागरूक करने पर जोर दिया।जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर सभी अधिकारियों को नियमानुसार कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को नियत समय पर लाभ दे।

भूरी भड़ाज में दिखी पैंथर की गतिविधि

कोटपूतली/पावटा, (निसं)। विगत दिनों क्षेत्र के ग्राम कांसली, कुजोता, शुक्लावास आदि में पैंथर (तेंदुए) की चहल कदमी के समाचार सामने आये थे। क्षेत्र में लगातार पैंथर देखे जाने की सूचना पर लोगों में भय का माहौल है। यह पारिस्थितिकी तंत्र के बिगडने एवं वन विभाग, पुलिस प्रशासन के लिए भी बड़ी चुनौती है। इससे वन्य जीवों के साथ-साथ आमजन के जीवन को भी खतरा है। ऐसा ही कुछ बुधवार को निकटवर्ती ग्राम पंचायत भूरी भड़ाज की ढाणी समदावाली व थोरावाली से गुजर रही नहर के आसपास देखा गया।

जहां एक पैंथर (तेंदुए) की मुवमेंट से हड़कम्प मच गया। पूर्व पंसस व उड़ान टीम संयोजक हरिद्वारी लाल स्वामी ने बताया कि विगत रात्रि ग्रामीणों ने नहर के आसपास खेतों में एक पैंथर (तेंदुए) की चहल कदमी देखी। सूचना मिलते ही हरिद्वारी लाल स्वामी भी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त कर उक्त सूचना वन विभाग के कर्मचारियों को दी। हालांकि तेंदुए मिलने की सूचना से क्षेत्र में दिन भर चर्चाओं का माहौल रहा।

'प्रतिबंधित क्षेत्र में बजरी खनन से बिगड़ सकती है कानून व्यवस्था'

टोंक, (निसं)। सुप्रीम कोर्ट की रोक हटने के बाद टोंक तहसील क्षेत्र के बोरदा, अहमदपुरा, लहन गांव में बनास नदी में लीज क्षेत्र के बाहर प्रतिबंधित क्षेत्र में बजरी का खनन किए जाने की शिकायत को लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम बुधवार को जिला कलेक्टर को सौंपा है।

टोंक पंचायत समिति के उपप्रधान रामकेश मीणा के नेतृत्व में लामबंद हुए ग्रामीणों ने बताया कि बनास नदी क्षेत्र में बजरी खनन की लीज पहले से ही जारी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद फिर से खनन शुरू किया है, लेकिन बनास नदी में बजरी खनन के लिए जारी खसरा नम्बर 1, 2, 11, 12, 13 व 20 के बाहर बजरी का खनन किया जा रहा है। जहां के लिए सरकार ने लीज जारी नहीं की है। कुल 571 बीघा 4 बिस्वा क्षेत्र में ही खनन किया जा सकता है, जबकि खनन इसके बाहर बनास नदी में प्रतिबंधित स्थान पर किया जा रहा है। ग्रामीण जब इसका विरोध करते हैं तो

उपप्रधान रामकेश मीणा, राजेश गुर्जर नयागांव, सुरेन्द्र मीणा, सूरतराम मीणा ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा।

वहां मौजूद हथियारबंद लोग उन्हें डरा रहे हैं। उपप्रधान ने बताया कि बनास नदी में प्रतिबंधित स्थानों पर बजरी का खनन बंद नहीं किया गया तो ग्रामीण लामबंद होकर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। वहीं खनन में शामिल कुछ लोग हथियारबंद होने से कानून व्यवस्था बिगडने की सम्भावना है। ऐसे में उन्होंने इस पर रोक लगाने की मांग की है।

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाव्यगण श्रीमती नीतू मुर्जनी, कन्हैयालाल एवं चन्दन शर्मा ने काला भवन नाहरगढ रोड चांदपोल बाजार, जयपुर में स्थित मकान नम्बर 358 के पश्चिमी हिस्से को दिनेश काला से क्रय करने हेतु विक्रय इकरार किया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इसमें कोई आपत्ति है तो सूचना प्रकाशित होने के सात दिवस में अपनी आपत्ति मेरे को या मेरे अभिभाव्यगण को आकर प्रस्तुत कर दें। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे अभिभाव्यगण उक्त मकान का विक्रय पत्र तस्दीक करवाने में स्वतंत्र होंगे एवं आपकी आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी। सूचित रहें।

(हरिनारायण शर्मा) एडवोकेट
मो.नं. 8003712538

चिकित्सा मंत्री ने विकास कार्यों का उद्घाटन किया

लालसोट/मंडावरी, (निसं)। स्थानीय विधायक एवं प्रदेश सरकार में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आबकारी मंत्री परसादी लाल मीणा ने दो दिवसीय दौरे के तहत विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर विकास कार्यों आदि का उद्घाटन किया गया।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने राजेश पायलट राजकीय महाविद्यालय लालसोट के छात्र संघ समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। छात्र संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि छात्र जीवन में प्रत्येक छात्र को अच्छी शिक्षा ग्रहण करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन करने का प्रयास करना चाहिए। इसके बाद मंत्री मीणा दौरा मेगा हाईवे स्टेट हाईवे 24 से जमात लालसोट तक सड़क सुदृढीकरण निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वहीं मंत्री मीणा ने रीको एरिया से ज्योतिबा फुले सर्किल लालसोट तक सड़क का चौड़ीकरण व सुदृढीकरण निर्माण कार्य का शिलान्यास करने के साथ बगड़ी महारिया खुर्रा मंडावरी तक सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा राज्य सरकार द्वारा दी जा रही मुफ्त चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इन कार्यक्रमों को प्रधान एडवोकेट नाथूलाल मीणा, नगर पालिका लालसोट के चेयरमैन रक्षा मिश्र, प्रदेश स्वायत शासन संस्था के उपाध्यक्ष व पीसीसी सदस्य पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र आदि द्वारा भी संबोधित किया गया।



चिकित्सा मंत्री मीणा ने सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया।

चांदोली में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम चांदोली में बीसीएमएचओ डॉ. हरि यादव के नेतृत्व में बुधवार को मेरा स्वास्थ्य मेरी जिम्मेदारी थीम पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर सभी परिवारों को योजना से जोडना है, ताकि सभी परिवारों को 10 लाख रूपये तक का स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल सकें।

राज्य के वे परिवार जो नि:शुल्क पात्र परिवारों की श्रेणी में नहीं आते एवं सरकारी कर्मचारी पेंशनर नहीं है तथा मेडिकल अटेंडेंस रूल के तहत लाभ नहीं ले रहे है वे निर्धारित प्रीमियम का 50 प्रतिशत अर्थात 850 रूपये प्रति परिवार प्रति वर्ष का भुगतान कर योजना का लाभ ले सकते है। वहीं शिविर में मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा एवं जांच योजना के तहत 48 महिला, 39 पुरूष एवं 16 बच्चों समेत कुल 103 मरीजों को लाभान्वित किया गया।

उद्योग मंत्री ने अधिकारियों की बैठक ली

नारायणपुर, (निसं)। उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने बुधवार को ग्राम पंचायत मिनिसचिवालय में ब्लॉक स्तरीय अधिकारीयों की बैठक ली। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

- लापरवाही बरतने वालों को लगाई फटकार

इस दौरान उधोग मंत्री ने बास बैरिसाल, मंडी पीछे, तलुंडी, खोड मोहल्लों में पेयजल समस्या और जल जीवन मिशन योजना में पाइप लाइन डालने में लापरवाही बरतने को लेकर जलदाय विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को फटकार लगाई। मंत्री ने सरकारी स्कूल, श्मशान भूमि के तुरंत प्रभाव से अधिकारियों को पट्टा जारी करने के निर्देश दिए।

कस्बा स्थित धाबाई की ढाणी, हरिसिंह की जोहड़ की स्कूल के लिए भूमि आवंटन के निर्देश दिए। मंत्री ने तहसीलदार ओमप्रकाश लखेरा को सार्वजनिक रास्तों पर हो रहे अतिक्रमण को तुरंत प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए हैं।

जनसुनवाई के दौरान उधोग मंत्री ने आमजन की समस्याओं को सुना और उनका मौके पर निपटारा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए । वहीं सरकारी अस्पताल में कुछ दिन पहले ध्वस्त किये गये जीर्ण-शीर्ण बिल्डिंग के कचरे को उठाने के लिए विधायक कोटे से 50 हजार रूपये की स्वीकृति दी। इस मौके पर एसडीएम सुनीता मीणा, तहसीलदार ओमप्रकाश लखेरा, नायब तहसीलदार शिवानी शर्मा, थानाधिकारी शिवशंकर चतुर्वेदी, जलदाय एईएन युवराज सैनी, पशु चिकित्सक रमेश वर्मा, वीडीओ बंशीधर गुर्जर, एसीबीओ इन्द्राज गिराटी, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सुरेश मीणा, संसार चन्द, सरपंच प्रतिनिधि भवानीशंकर सैनी, डेलीगेट प्रतिनिधि हीरालाल धाबाई सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे ।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 37/2022

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री अजीत जैन पुत्र श्री फूलचन्द जैन, निवासी 19, शांतिकुंज, अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री चन्द्र प्रभू दिगम्बर जैन मंदिर शांति कुंज, 73, शांति कुंज, अलवर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 01.11.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 09.01.2023

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

AIR -1 सुचिता पारीक Careerwill की स्टूडेंट बनी Assistant Section Officer (MEA) SSC CGL 2022

23 साल की सुचिता पारीक ने SSC CGL में किया I[st] रैंक हासिल ।

SSC CGL का एग्जाम क्लियर करने के लिए काफी मेहनत करनी होती है। आज हम बात कर रहे हैं सुचिता पारीक की जिन्होंने मात्र 23 साल की उम्र में अपनी दृढ निष्ठा व परिश्रम के साथ दिन रात एक करके मेहनत की और I[st] रैंक हासिल कर का SSC CGL एग्जाम पास किया। सुचिता ने कोविड के साथ Careerwill App के साथ ही तैयारी की सुचिता ने बताया की उन्होंने इंग्लिश, जनरल स्टडीज, रीजनिंग खुद से ही तैयार की है और गणित कैरियर विल एप के कोर्स से किया है। और सबसे बड़ी बात ये है कि उन्होंने अपनी तैयारी तब तक जारी रखी जब तक उन्हें सफलता नहीं मिली और आज अपनी दोनों छोटी बहनो व लाखो अन्य विधार्थियों को गोरवंकित कर अपने माता पिता का सम्मान बढाया है।

दो महीने से रुका पड़ा है सी.सी. रोड निर्माण, हादसों को दे रहा बुलावा

पावटा, (निसं)। लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके इस उद्देश्य से सड़कों का निर्माण किया जाता है, लेकिन यहां सीसी मार्ग कॉलोनियों वासियों सहित ग्रामीणों के जी का जंजाल बना हुआ है। इसका मुख्य कारण सीसी मार्ग का पूर्ण न हो पाना है।

पावटा कस्बे में स्थित राजस्थान स्कूल के पास कॉलोनी में जाने वाली मुख्य मार्ग पर सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन कार्य पूरा होने से पहले ही निर्माण कार्य अपूर्ण कर छोड़ दिया गया है। इससे ग्रामीण सहित इस मार्ग से आवागमन करने कॉलोनियों वासियों सहित ग्रामीणों व वाहन चालकों की मुसीबत बढ़ गई है।

लोगों का कहना है कि कॉलोनी में पानी के निकास की कोई व्यवस्था नहीं है। कई बार कॉलोनीवासियों ने नगरपालिका प्रशासन व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत करवाया। लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की। कॉलोनीवासियों ने बताया कि कॉलोनी में स्कूल होने के कारण बड़ी संख्या में बच्चों का इधर से आना जाना रहता है।

कई बार बच्चे पानी में गिरकर चोटिल हो चुके है। बावजूद इसके नगरपालिका प्रशासन व जनप्रतिनिधियों का इस ओर कोई ध्यान नही जाता। कालोनिवासियो का कहना है कि नगरपालिका प्रशासन द्वारा कुछ दिन पूर्व कॉलोनी में सडक बनाने कार्य प्रारम्भ किया गया। निर्माण कार्य को बीच में ही रोक दिया गया है। वहीं चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी दो महीने से लगातार क